**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 02.02.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 02.02.2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहे :–

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री ए.के. गुप्ता | अधीक्षण अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि./यां.)उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 2 | श्री अशोक कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री जुनैद कुमार | जिला विकास अधिकाकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री जयदीप राम गौतम | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री रणवीरचंद सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 6 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 7 | श्री सतीश कुमार | अधि०अभि० झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 8 | श्री विनोद कुमार | सहायक प्रभागीय वनाधिकारी, झाँसी वन प्रभाग, झाँसी। |
| 9 | श्री राजेश गुप्ता | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री लक्ष्मीनारायण | जनरल मैनेजर, पी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री विशाल सिंह | यूनिके टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 13 | श्री ओ.पी.एस.एस. मूर्ति | जनरल मैनेजर, आई.एच.पी., झाँसी। |
| 14 | श्री बलवीर सिंह | प्रतिनिधि, मेसर्स एम.एम.एस. इन्फ्राटेक, आगरा। |
| 15 | श्री अतुल यादव | प्रतिनिधि मेसर्स रमेश सिंह यादव, ललितपुर। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन हैं, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :–

<u>गुरसराय ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टैंक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 7.228 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 74.130 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 213.670 किमी. वितरण प्रणाली तथा 11437 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैंक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 224.746 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने तथा 11437 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों में 11307 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा योजनान्तर्गत कराये गये ट्रायल परीक्षण के परिणामों की जानकारी अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) से चाही गयी, जिस पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के पूर्ण संचालन हेतु किये गये परीक्षण के दौरान योजना में सम्मिलित कुल 42 नग ग्रामों में 17 नग ग्रामों में 100%, 23 ग्रामों 70–80% जलापूर्ति चालू पायी गयी तथा 02 ग्रामों जलापूर्ति बन्द पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन में लीकेज/ब्लॉकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर जिसे पूर्ण कराते हुए 23 ग्रामों शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा अवशेष 02 ग्रामों में भी जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित

Scanned with OKEN Scanner

किया गया कि उक्त 23 ग्रामो मे कार्य पूर्ण होने के उपरान्त पुनः उक्त ग्रामो की पूर्ण क्षमता पर संचालन की जॉच करायी जाये।

बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओवर हैड टेंक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 5.200 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 56.008 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 201.224 किमी. वितरण प्रणाली तथा 11549 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइप लाईन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 11549 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना मे सम्मिलित 37 ग्रामो में 10734 नग गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के समस्त कार्यो को फरवरी-2024 तक पूर्ण करने हेतु अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा आस्वस्त किया गया।



तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 05 नग ओवर हैड टैंक, 04 नग सी.डब्लू.आर., 3.112 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 36.014 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 208.500 किमी. वितरण प्रणाली तथा 6725 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 208.008 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने तथा 6725 नग गृह संयोजनों का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों में 6680 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना के समस्त 25 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। साथ ही 23 ग्रामों को "हर घर जल" सत्यापित किया जा चुका है।

बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेंक, 6 नग सी.डब्लू.आर., 14.450 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 146.675 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 699.673 किमी. वितरण प्रणाली तथा 26650 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। 685.300 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने तथा 26650 नग गृह संयोजनो का कार्य करते हुये योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में 25760 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना के 59 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजना के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामो मे बिछाई गयी पाईप लाइन में कुछ स्थानों पर चोकेंज होने के कारण जलापूर्ति बाधित थी, जिन्हें सही कराते हुये तथा आवश्यक स्थानों पर आईसोलेशन वाल्ब लगाकर पेयजल आपूर्ति सुचारू की जा रही है।

इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 13 नग ओवर हैड टेंक, 08 नग सी.डब्लू.आर., 4.250 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 112.060 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन,

Scanned with OKEN Scanner

654.019 किमी. वितरण प्रणाली तथा 32259 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक इन्टेक वेल–95%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–80%, 13 नग ओवर हैड टेक–79%, 8 नग सी.डब्लू.आर.–82%, 3.960 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 130.300 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 680.500 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 1530 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना मे सम्मिलित कुल 87 ग्रामों मे से 11 ग्रामो मे आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। 30547 नग एच.एस.सी. का कार्य पूर्ण किया चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झॉसी द्वारा एच.एस.सी. को एफ.एच.टी.सी. मे परिवर्तित करते हुये योजना के समस्त ग्रामों मे शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम., श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया।

<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–90%, 27 नग ओवर हैड टेक–88%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–85%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 274.357 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1326.47 किमी. वितरण प्रणाली, 52996 नग एच.एस.सी. का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 1020 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 6 नग एवं बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 447 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना मे सम्मिलित 2 नग ग्रामों मे शुद्व पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजनाओ की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक, श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया कि श्रमिको एवं मशीनरी के संख्या बढ़ाते हुये योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



<u>बुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 14 नग ओवर हैड टेक, 11 नग सी.डब्लू.आर., 1.732 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 153.469 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 541.130 किमी. वितरण प्रणाली तथा 29406 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टेक, सी.डब्लू.आर., रॉ–वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 29406 नग गृह संयोजनो के सापेक्ष 29406 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त 74 ग्रामो में 28166 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष 1240 नग एच.एस.सी. को एफ.एच.टी.सी. मे परिवर्तीत करते हुये योजना के समस्त ग्रामों शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री ओ.वी. एस.एस. मूर्ति को निर्देशित किया गया।

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> – योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 6 नग ओवर हैड टेक, 3 नग सी.डब्लू.आर., 2.250 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 48.875 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 217.975

Scanned with OKEN Scanner

किमी. वितरण प्रणाली तथा 12762 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैंक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइप लाईन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 12762 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष समस्त गृह संयोजनों को पूर्ण करते हुये योजनान्तर्गत समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है मात्र 25 नग गृह संयोजनों का कार्य अवशेष है, जिस पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा एक सप्ताह के अन्दर शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुये शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

**बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना** :- योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 9 नग ओवर हैड टैंक, 5 नग सी.डब्लू.आर., 2.506 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 81.317 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 342.674 किमी. वितरण प्रणाली तथा 15848 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष इन्टेक वेल, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, ओवर हैड टैंक, सी.डब्लू.आर., रॉ-वाटर राइजिंग मेन एवं क्लीयर वाटर राईजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली पाइप लाईन बिछाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित गृह संयोजनों के सापेक्ष 15848 नग गृह संयोजन का कार्य कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त 58 ग्रामों में 14600 नग क्रियाशील गृह संयोजनों (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। 810 नग एच.एस.सी. का कार्य अवशेष है, जिस पर फर्म के प्रतिनिधि श्री विशाल द्वारा एक सप्ताह के अन्दर शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुये शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु आश्वस्त किया गया है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनान्तर्गत 04 पैकेजों में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुये योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में शीघ्र पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।



जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्मों के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सड़कों को अविलम्ब पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाआन्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सड़कों का विभागवार (जिस विभाग के नियंत्रणाधीन सड़क को खोदा/काटा गया) विवरण उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया, ताकि सम्बन्धित विभाग से अनुबन्धित फर्मों द्वारा पुर्नस्थापित की गयी सड़कों का सत्यापन कराते हुये वास्तविक स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सकें।

जनपद झाँसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल कार्य 79 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ-वाटर राईजिंग मेन

Scanned with OKEN Scanner

बिछाने का कार्य 60 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 45 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 29 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 50 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 54 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है तथा अवशेष कार्यों को योजना के पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के अन्दर ही पूर्ण करा लिया जायेगा।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में 07 नग पेयजल योजनान्तर्गत निर्मित घटकों के परीक्षण सम्बन्धी आदेश जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा जारी कराते हुये गुलारा एवं पुरवा ग्रा.स.पे.योजना के द्वितीय चरण के परीक्षण कार्य प्रारम्भ करा दिये गये है, तथा शेष 05 योजनाओं के प्रथम चरण के परीक्षण कार्य पूर्ण किये जा चुके है. शीघ्र ही द्वितीय चरण के परीक्षण हेतु पत्रावली तैयार कर जिलाधिकारी महोदय के माध्यम आदेश जारी कराते हुये योजनाओं के द्वितीय चरण का परीक्षण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के लगभग समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है. जिसने बराठा बेसिन योजना के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्य फरवरी–2024 तक पूर्ण करते हुये योजना में प्रस्तावित 195 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ प्रारम्भ कर दी जायेगी। साथ ही गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल पुनर्गठन योजना के समस्त के कार्यों को फरवरी–2024 तक पूर्ण करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा आश्वस्त किया गया।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–294/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2024/06 दिनाँक 21 फरवरी, 2024

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

3– जिलाधिकारी, झाँसी।

4– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner